आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 02.03.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंत्रिमंडल की सुरक्षा समिति बैठक की अध्यक्षता की।
- पौड़ी के दीदी कैफे ने पहाड़ी व्यंजनों से बनाई अलग पहचान। महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में एक सफल मॉडल बनकर उभरा।
- नैनीताल जिले के शीत मत्स्य अनुसंधान केन्द्र में रंगीन मछलियों के बीज उत्पादन की योजना का कार्य पूरा। स्थानीय लोगों को रोजगार मिलने के साथ ही मत्स्य पालन को बढ़ावा मिलेगा।
- प्रदेश के विभिन्न जिलों में होली मिलन समारोह का आयोजन। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम।

प्रधानमंत्री / बैठक

पश्चिम एशिया में बढते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल अपने आवास पर सुरक्षा संबंधी मंत्रिमंडल समिति की बैठक की। बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, विदेशमंत्री डॉ. एस जयशंकर और वित्तमंत्री निर्मला सीतारामण उपस्थित थीं। यह बैठक ईरान के साथ इस्राइल–अमरीका के बढते संघर्ष से बदलते वैश्विक परिदृश्य के मद्देनज़र की गई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस्राएल के प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू से फोन पर पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने श्री नेतन्याहू को भारत की चिंताओं से अवगत कराया और कहा कि नागरिकों की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत संघर्ष को जल्द से जल्द समाप्त करने के पक्ष में है।

दीदी कैफे

पौड़ी मुख्यालय में संचालित दीदी कैफे ने कम समय में अपनी अलग पहचान बनाई है। 15 अगस्त, 2023 को शुरू हुए इस कैफे में जहां स्थानीय समूह की महिलाएं रोजगार से जुड़ रही हैं, वहीं पहाड़ी व्यंजनों को बढ़ावा देकर यह कैफे क्षेत्र के लिए आकर्षण का केंद्र भी बन गया है। दीदी कैफे का संचालन समूह की चार महिलाएं और दो पुरुष कर रहे हैं। कैफे में आने वाले लोगों को पारंपरिक पहाड़ी स्वाद परोसा जा रहा है। यहां पहाड़ी दाल, चौंसा, लाल चावल का भात, कंडाली की सब्जी और मंडुवे की रोटी सहित कई स्थानीय व्यंजन तैयार किए जाते हैं। खास बात यह है कि पहाड़ी भोजन के साथ ही मंडुवे के मोमो भी लोगों की पसंद बन चुके हैं, जिसकी मांग लगातार बढ़ रही है। गौरतलब है कि दीदी कैफे के भवन का मरम्मत कार्य जिला योजना के माध्यम से कराया गया था। वहीं हिमोत्थान समिति देहरादून के सहयोग से कैफे को बर्तन और आवश्यक सामग्री उपलब्ध करायी गयी हैं। इससे कैफे की सुविधाएं बेहतर हुई हैं और संचालन को मजबूती मिली है। कैफे से प्रतिदिन औसतन साढ़े तीन हजार से चार हजार रुपये की कमाई हो रही है। वहीं महीने में इसका टर्नओवर एक लाख रुपये से अधिक तक पहुंच रहा है। इससे समूह से जुड़ी महिलाओं को नियमित रोजगार मिल रहा है और स्थानीय उत्पादों को भी बढ़ावा मिल रहा है। मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने कहा कि दीदी कैफे महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में एक सफल मॉडल बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय पहाड़ी व्यंजनों को बाजार से जोड़कर महिलाओं की आय बढ़ायी जा रही है। कैफे के माध्यम से समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और यह पहल अन्य समूहों के लिए भी प्रेरणादायक है।

जीएसटी संग्रह

वस्तु एवं सेवा कर– जीएसटी संग्रह में पिछले वर्ष फरवरी की तुलना में इस वर्ष कुल 8 दशमलव एक प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। जीएसटी संग्रह इस वर्ष फरवरी में एक लाख 83 हजार करोड़ रुपये से अधिक रहा। फरवरी 2025 में कुल जीएसटी संग्रह एक लाख 69 हजार करोड़ रुपये से अधिक था। इस वर्ष फरवरी में केंद्रीय जीएसटी संग्रह 37 हजार 473 करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी संग्रह 45 हजार 900 करोड़ रुपये रहा। एकीकृत आईजीएसटी संग्रह एक लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा।

खिलाड़ चयन

बागेश्वर जिले के कपकोट क्षेत्र के कर्मी गांव निवासी दीपक सिंह दानू का चयन ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। दीपक बी.डी पांडे कैंपस में एमए के विद्यार्थी हैं और सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कल से हरियाणा के कुरुक्षेत्र में शुरू होने वाली इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के मुक्केबाज अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। दीपक 65 से 70 किलोग्राम भार वर्ग में मुकाबला करेंगे। दीपक पूर्व में भी नेशनल स्तर पर बॉक्सिंग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। उनके चयन से जिले के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में हर्ष का माहौल है।

रंगीन मछली से रोजगार

नैनीताल जिले के भीमताल स्थित शीत मत्स्य अनुसंधान केन्द्र में रंगीन मछलियों के बीज उत्पादन की योजना का कार्य पूरा किया जा चुका है। इस पहल से अब स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और मत्स्य पालन को बढ़ावा मिल सकेगा। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आर.एस पतियाल के अनुसार भारत मे रंगीन मछलियों को पहले दूसरे देशों से मंगाया जाता था, लेकिन अब योजना के तहत रंगीन मछली यहीं उत्पादित की जा रही हैं। इसमें अनुसंधान केंद्र के सहयोग से स्थानीय किसान अपने खेत में छोटे–छोटे तालाब बनाकर, उसमें मछलियों को पाल कर बेच सकते हैं और एक नए रोजगार से जुड़ सकते हैं।

होली मिलन समारोह

प्रदेश में राजधानी देहरादून सहित विभिन्न जिलों में इन दिनों आयोजित किए जा रहे होली मिलन समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम है। इसी कड़ी में अल्मोड़ा के प्रसिद्ध सांस्कृतिक हुक्का क्लब में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक दलों ने वृदावन की राधाकृष्ण और फूलों की होली प्रस्तुत की। चम्पावत जिले के लोहाघाट से आए होली रंग महोत्सव समिति की महिला दल ने भी काली कुमाऊं अंचल की होली प्रस्तुत की। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि कुमाऊं की होली पूरे देश में पहचान रखती है। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं दी।

होली रंग महोत्सव समिति के अध्यक्ष जीवन मेहता ने कहा कि इसके माध्यम से पौराणिक होली का गायन कर संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है।

होली सतर्कता

होली पर्व और रमजान माह को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से नैनीताल जिला पुलिस प्रशासन अलर्ट है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टी.सी. के निर्देशन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पीस कमेटी की बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कोतवाली हल्द्वानी में थाना हल्द्वानी, मुखानी, बनभूलपुरा और काठगोदाम की संयुक्त पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हल्द्वानी के पुलिस अधीक्षक डॉ. जगदीश चंद्र ने की। बैठक में हिंदू, मुस्लिम और सिख समुदायों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, व्यापार मंडल पदाधिकारी, समाजसेवी संगठन, नगर निगम हल्द्वानी के पार्षद, प्रबुद्ध नागरिकों के साथ जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी धर्मों के लोगों से भाईचारे और आपसी सम्मान के साथ होली और रमजान मनाने की अपील की गई।